# प्रोविजनल पंजीकरण को ऑनलाइन पोर्टल शुरू

सहारा न्यूज ब्यूरो

देहरादून।

- एडमिशन को लेकर कुलपति ने की कालेजों के साथ बैठक
- पांच अगस्त से शुरू होगी सेमेस्टर कक्षाएं

वीर माधो सिंह भंडारी उत्तराखंड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (यूटीयू) सत्र 2025-26 के एडमिशन को लेकर तैयारी कर ली है। इस संबंध में मंगलवार को कुलपति प्रो. ओंकार सिंह ने विवि परिसर में संबद्ध संस्थानों के निदेशकों के साथ बैठक की।

मंगलवार को विवि परिसर में आयोजित बैठक में सत्र 2025-26 के प्रवेश प्रक्रिया पर चर्चा हुई जिसमें निणर्य लिया गया कि प्रवेश के लिए पहले प्रोविजनल पंजीकरण की प्रक्रिया अपनाई जाएगी। इसके लिए प्रोविजनल पंजीकरण के लिए प्रोविजनल पोर्टल प्रारंभ कर दिया गया है जिस पर छात्र अपने कालेज एवं ब्रांच च्वाइस भर कर सकते हैं। बैठक में कहा गया कि प्रोविजनल पंजीकरण करने वाले अभ्यर्थियों को प्रवेश के कलिए विवि की आनलाइन काउंसलिंग प्रक्रिया में भाग लेना होगा। प्रोविजनल पंजीकरण करने वाले छात्रों को ज्यादा से ज्यादा च्वाइस लाक करने की सलाह दी गई, ताकि सीट आवंटन की संभावना ज्यादा बने। बैठक में शैक्षिक सत्र 2025-26 का शैक्षणिक कैलेंडर जारी किया गया जिसमें पांच अगस्त से आगामी सेमेस्टर की कक्षाएं संचालित करने का निर्णय लिया गया है। बैठक में विवि द्वारा एक प्लेसमेंट पोर्टल को भी लांच किया गया, जिसमें उत्तीर्ण होने वाले छात्रों द्वारा प्लेसमेंट पोर्टल पर पंजीकरण किया जाएगा। इसके बाद संबंधित कंपनी द्वारा पंजीकृत छात्रों से सीधे संपर्क कर प्लेसमेंट संबंधी प्रक्रिया को अपनाया जाएगा।

बैठक में कुलसचिव डा. सत्येंद्र सिंह, परीक्षा नियंत्रक डा. विनय कुमार पटेल समेत परिसर एवं संबद्ध संस्थाओं के निदेशकों ने आनलाइन और आफलाइन माध्यम से शामिल हुए।